100 फ्रेश कैच खोलने की योजना

नवनिर्मित फ्रेश कैच कियोस्क के पहले आउटलेट का उद्घाटन

पटना (आससे)। बिहार में अब सुधा बूथ की तर्ज पर लोगों को ताजी और गुणवत्तापूर्ण मछलियां उपलब्ध कराने की पहल की गई है। इसके तहत राज्य में फ्रेश कैच कियोस्क स्थापित किए जा रहे हैं। माननीय मुख्यमंत्री, श्री सम्राट चौधरी ने रविवार को डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग अंतर्गत मीठापुर स्थित मत्स्य विकास भवन परिसर में नवनिर्मित फ्रेश कैच कियोस्क के पहले आउटलेट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विभाग के मंत्री नंदकिशोर राम, मुख्य सचिव, प्रत्यय अमृत, विभाग के सचिव शीर्षत कपिल अशोक, निदेशक मत्स्य, तुषार सिंगला एवं विभाग के अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसी क्रम मे मुख्यमंत्री के द्वारा झंडा दिखाते हुए, फ्रेश कैच कियोस्क के माध्यम से राज्य से बक्सर जिले के मत्स्यजीवी सहयोग समिति द्वारा सुइयां भागर जलकर से पकड़ी गई चेलहवा मछली (3 रूक्ष) को पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी भेजा गया। फ्रेश कैच कियोस्क के माध्यम से राज्य में शहरी उपभोक्ताओं को स्वच्छ और व्यवस्थित वातावरण में ताजी मछलियां उपलब्ध होंगी। वहीं, मत्स्य पालकों को अपने उत्पादों की बिक्री के लिए बेहतर और संगठित बाजार मिलेगा।

राज्य सरकार की सात निश्चय-3 योजना के तहत प्रदेश में कुल 100 फ्रेश कैच कियोस्क स्थापित करने की योजना है। इसके पहले चरण में 30 और दूसरे चरण में 70 कियोस्क खोले जाएंगे। इनके माध्यम से उपभोक्ता जीवित और ताजी मछलियां खरीद सकेंगे।

योजना का कार्यान्वयन जिला मुख्यालयों, अनुमंडलों और प्रखंडों तक विस्तारित किया जाएगा। मंत्री नंदकिशोर राम जी ने बताया कि पहले चरण में पटना, नालंदा, भोजपुर, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, बेतिया (पश्चिम चंपारण), साथ ही दूसरे चरण में गया जी, मोतिहारी, कैमुर, रोहतास, नालंदा, एवं पटना के मछुआटोली, पाटलिपुत्र, कंकड़बाग, ऊर्जा स्टेडियम बीएसईबी कॉलोनी, राजबाजार, फुलवारीशरीफ में कियोस्क का अधिष्ठापन किया जाएगा। इसके अलावा इस योजना का कार्यान्वयन जिला मुख्यालयों, अनुमंडलों और प्रखंडों तक विस्तारित किया जाएगा। इसका क्रियान्वयन डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के अंतर्गत मत्स्य निदेशालय और बिहार एक्वाकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीएआईडीसीएल) के माध्यम से किया जा रहा है.



फ्रेश कैच कियोस्क में मछलियों के सुरक्षित भंडारण और बिक्री के लिए कोल्ड चेन, डीप फ्रीजर, डिस्प्ले काउंटर, स्वच्छ जल, जल निकासी, बिजली और बैकअप जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

योजना के तहत एक फ्रेश कैच कियोस्क की निर्धारित इकाई लागत 11 लाख रुपये है। संभावित मूल्य वृद्धि को ध्यान में रखते हुए इसकी अधिकतम लागत 13.20 लाख रुपये आंकी गई है। सरकार द्वारा निर्धारित इकाई लागत का 80 प्रतिशत अथवा वास्तविक निर्माण लागत, दोनों में से जो भी कम होगी, उसका वहन करेगी। कियोस्क के निर्माण के लिए एजेंसी या संवेदक का चयन निविदा प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। वहीं, संचालन के लिए निर्धारित नियमों एवं शर्तों के अनुसार संचालकों का चयन किया जाएगा। केंद्रों के रखरखाव और नियमित संचालन की जिम्मेदारी संबंधित संचालकों की होग

फ्रेश कैच कियोस्क स्थापित होने से मत्स्य पालकों, मछली किसान उत्पादक संगठनों (एफएफपीओ) और मत्स्य सहकारी समितियों को अपने उत्पादों की बिक्री के लिए व्यवस्थित बाजार उपलब्ध होगा। कियोस्क संचालकों के प्रशिक्षण और क्षमता विकास के लिए भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मत्स्य निदेशालय एवं बीएआईडीसीएल के माध्यम से मछलियों की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए मजबूत आपूर्ति नेटवर्क विकसित किया जाएगा।

इससे मत्स्य पालकों को अपने उत्पादों के लिए बेहतर बाजार मिलेगा। साथ ही कियोस्क के संचालन और मछलियों की आपूर्ति से जुड़े कार्यों में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। के नाम की पहचान सुनिश्चित होंगी।

नशामुक्त बिहार की मुहिम को गांवों तक पहुंचाने की पहल

पटना (आससे)। नशामुक्त बिहार के संकल्प को गांव गांव तक पहुंचाने के उद्देश्य से रविवार को जागरूकता अभियान के दूसरे चरण गाँव का संकल्प की शुरुआत हुई। ब्रह्माकुमारी संस्था और जीविका के संयुक्त प्रयास से शुरू हुआ यह अभियान 7 नवंबर तक जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया जाएगा। अभियान के तहत ब्रह्माकुमारी संस्था के भाई.बहन जीविका के संकुल स्तरीय संघ सीएलएफ में पहुंचकर जीविका दीदियों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक कर रहे हैं। उन्हें बताया जा रहा है कि नशे की लत व्यक्ति के स्वास्थ्य, पारिवारिक संबंधों और सामाजिक वातावरण को किस तरह प्रभावित करती है। साथ ही महिलाओं को अपने परिवार और समुदाय में नशामुक्ति का संदेश फैलाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अभियान के पहले दिन पटना जिले के पांच सीएलएफ में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें फुलवारी का निब्हा तथा बिहटा के आशीर्वाद, समृद्धि, विकास और जय हिंद सीएलएफ शामिल हैं। इन कार्यक्रमों में कुल 480 जीविका दीदियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में जीविका दीदियों ने नशामुक्ति की शपथ ली। उन्होंने स्वयं नशे से दूर रहनेए अपने परिवार को नशामुक्त रखने और गांव.समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं की सामूहिक भागीदारी से नशामुक्ति को जनआंदोलन बनाना और प्रत्येक परिवार तक जागरूकता का संदेश पहुंचाना है। आगामी सात नवंबर तक जिले के विभिन्न सीएलएफ में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।


संगठन की डिजिटल सक्रियता को सशक्त बनायें

प्रदेश कार्यालय में भाजपा मीडिया विभाग एवं सोशल मीडिया-आईटी सेल की बैठक

(निज प्रतिनिधि)

पटना। बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय के कैलाशपति मिश्र सभागार में रविवार को मीडिया विभाग एवं सोशल मीडिया-आईटी सेल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं बिहार संगठन के प्रभारी हरीश द्विवेदी, राष्ट्रीय मंत्री एवं बिहार संगठन के सह प्रभारी रोहन गुप्ता तथा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

बैठक में संगठन की डिजिटल सक्रियता को मजबूत बनाने और पार्टी की विचारधारा एवं सरकार की उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचाने पर विस्तृत चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि आज के दौर में सोशल मीडिया जनसंवाद का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका है। इसके माध्यम से पार्टी की विचारधारा, केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने की जरूरत है। उन्होंने मीडिया विभाग एवं सोशल मीडिया-आईटी सेल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से संगठन की गतिविधियों को डिजिटल माध्यमों पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने का आह्वान किया।



बैठक में डिजिटल माध्यमों के बेहतर उपयोग, समन्वित कार्यप्रणाली और संगठनात्मक गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए मीडिया विभाग एवं सोशल मीडिया-आईटी सेल के बीच समन्वय मजबूत करने पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया, भागलपुर, पूर्णिया एवं कोसी क्षेत्र के संगठक अनंत नारायण मिश्रा तथा मीडिया विभाग के प्रभारी सह विधायक मनोज शर्मा, मीडिया विभाग के संयोजक दानिश इकबाल, मीडिया विभाग के सह संयोजक अमित प्रकाश बबलू, सोशल मीडिया प्रभारी मनीष पांडेय, अनमोल शोभित, आईटी प्रमुख विकास मेहता सहित प्रदेश पदाधिकारी, मीडिया विभाग एवं सोशल मीडिया-आईटी सेल के पदाधिकारी और टीम के सदस्य उपस्थित रहे।



पटना जू में तरकारी आउटलेट का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी।

त्योहारी बसों के लिए ऑनलाइन टिकट बुकिंग शुरू

एसी सीटर एवं स्लीपर सीट की बुकिंग पर 30 प्रतिशत से अधिक सब्सिडी

(आज समाचार सेवा)

पटना। दीपावली और छठ पूजा के त्योहारों को ध्यान में रखते हुए बिहार राज्य पथ परिवहन निगम ने विशेष त्योहारी बस सेवा की टिकट बुकिंग 1 नवंबर से शुरू कर दी है। यह विशेष बस सेवा बिहार से उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पश्चिम बंगाल और झारखंड के लिए होगी। इन राज्यों के लिए लगभग 200 बसों का संचालन चिन्हित मार्गों पर आगामी 5 नवंबर से 20 नवंबर के बीच किया जाएगा।

इसके लिए निगम ने एसी युक्त सीटर, स्लीपर, सेमी-स्लीपर और नॉन एसी बस का इंतजाम किया है निगम के अनुसार, पटना से दिल्ली के लिए 13, हरियाणा के लिए 7 और झारखंड के लिए 4 बसें रवाना होंगी।

मुजफ्फरपुर से दिल्ली के लिए 34, गया से दिल्ली के लिए 10, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के लिए दो-दो तथा झारखंड के लिए 6 बसें चलाई जाएंगी।

इसी तरह पूर्णिया से दिल्ली के लिए 12, हरियाणा के लिए 18, जबकि दरभंगा से दिल्ली के लिए 6, हरियाणा के लिए 22 बसें संचालित की जाएंगी। इसी तरह अन्य प्रमुख रुटों पर भी बसों का परिचालन किया जाएगा।

पटना से दिल्ली नॉन-एसी सीटर का किराया 1182 रुपये, नॉन-एसी स्लीपर 1483 रुपये, एसी सीटर 1318 रुपये और एसी स्लीपर 1935 रुपये तय किया गया है। मुजफ्फरपुर-दिल्ली के लिए नॉन-एसी सीटर 1074 रुपये, स्लीपर 1352 रुपये, एसी सीटर 1195 रुपये और एसी स्लीपर 1767 रुपये है।

गया जी-दिल्ली रूट के लिए नॉन-एसी सीटर 1139 रुपये, स्लीपर 1426 रुपये, एसी सीटर 1272 रुपये और एसी स्लीपर 1861 रुपये जबकि दरभंगा-दिल्ली के लिए नॉन-एसी सीटर 1165 रुपये, स्लीपर 1461 रुपये, एसी सीटर 1201 रुपये और एसी स्लीपर 1908 रुपये निर्धारित है। पूर्णिया-दिल्ली के लिए नॉन-एसी सीटर 1486 रुपये, स्लीपर 1842 रुपये, एसी सीटर 1668 रुपये और एसी स्लीपर 2398 रुपये किराया तय किया गया है।

पटना-अंबाला नॉन-एसी सीटर 1303 रुपये और एसी स्लीपर 2134 रुपये, पटना-गुरुग्राम नॉन-एसी सीटर 1193 रुपये और एसी स्लीपर 1948 रुपये तथा गया जी-अंबाला नॉन-एसी सीटर 1242 रुपये और एसी स्लीपर 2043 रुपये. झारखंड रूट पर पटना-गुमला नॉन-एसी सीटर का किराया 502 रुपये और एसी स्लीपर का किराया 800 रुपये तथा आरा-रांची नॉन-एसी सीटर 474 रुपये और एसी स्लीपर 655 रुपये है।

पश्चिम बंगाल के लिए पटना-कोलकाता नॉन-एसी सीटर 839 रुपये और एसी स्लीपर 1276 रुपये तथा गया जी-कोलकाता नॉन-एसी सीटर 736 रुपये और एसी स्लीपर 1115 रुपये है। उत्तर प्रदेश रूट पर पटना-गाजियाबाद नॉन-एसी सीटर 1120 रुपये और एसी स्लीपर 1854 रुपये निर्धारित है।

आंकड़ों के अनुसार, सबसे ज्यादा छूट एसी स्लीपर बसों में है। सुपौल-दिल्ली एसी स्लीपर का वास्तविक किराया 3030 रुपए है, जिस पर 1000 की छूट दी जा रही है। इसी तरह लौकहा-दिल्ली एसी स्लीपर का वास्तविक किराया 3077 है, जिस पर 1028 की छूट है। भागलपुर-अंबाला रूट पर वास्तविक किराया 3603 है, जिस पर 1113, पूर्णिया-अंबाला रूट का किराया 3462 है, जिस पर 1103, जबकि मधुबनी-अंबाला रूट पर वास्तविक किराया 3257 है, जिस पर 1092 रुपए की छूट मिल रही है।

परिवहन मंत्री दामोदर रावत ने कहा कि परिवहन विभाग पिछले वर्ष की तरह ही त्योहारों के दौरान यात्रियों को किफायती यात्रा का विकल्प दे रहा है।

त्योहारों के समय यात्री सुरक्षित और सुगम यात्रा का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने आगे बताया कि एसी सीटर एवं स्लीपर बस की टिकट बुकिंग करने पर 30 प्रतिशत से अधिक सब्सिडी दी जा रही है।

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ को लेकर बैठक

पटना (निप्र)। रविवार को स्वर्गीय सुशील कुमार मोदी स्मृति शोध संस्थान के तत्वाधान में, कुम्हरार विधानसभा द्वारा, भाजपा पटना महानगर के मंत्री मनोज की अध्यक्षता में लोकनायक मंडल अंतर्गत रूपचंद भगत उत्सव हाल में कुम्हरार विधानसभा के प्रबुद्ध जनों की



बैठक का आयोजन किया गया, लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ के तहत इस बैठक में, भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री रोहन गुप्ता ने उपस्थित प्रबुद्ध जनों को संबोधित किया, मंच का संचालन मनोज कुमार ने किया।

मौके पर विशेष रूप से, कुम्हरार के जनप्रतिनिधि संजय गुप्ता, रूबन हॉस्पिटल के संस्थापक डॉक्टर सत्यजीत कुमार, पटना नगर निगम के पूर्व मुख्य अभियंता अशोक कुमार, डॉक्टर सहजानंद, रामलाल खेतान, नितिन अभिषेक, अजय कुमार घोष, सतीश कुमार पप्पू, सच्चिदानंद शर्मा, अजय मिश्रा, मनोज ब्रह्मऋषि, बैद्यनाथ पप्पू, सौरभ भट्टाचार्य, राम किशोर शर्मा, प्रदीप मेहता, सुमित वर्मा, सहित अन्य गणमान्यों की उपस्थिति रही।

निशांत के नेतृत्व में यूपी जदयू का कार्यकर्ता सम्मेलन एक नये युग का शंखनाद : उमेश कुशवाहा



पटना (आससे)। जनता दल यू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुश्वाहा ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री निशांत के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की राजनीति में जदयू के लिए नए अध्याय की शुरुआत कर दी गयी है। उत्तर प्रदेश में निशांत का प्रथम संगठनात्मक एवं राजनीतिक दौरा अभूतपूर्व रूप से सपुल रहा है। वाराणसी में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में उन्हें सुनने और उनकी एक झलक पाने के लिए जो जनसैलाब उमड़ा, वह वास्तव में अद्भुत और अकल्पनीय था। श्री कुशवाहा ने कहा कि निशांत के उद्बोधन में यूपी के जमीनी कार्यकर्ताओं में जिस नये उत्साह, आत्मविश्वास और संघर्ष की भावना का संचार किया है, वह आनेवाले समय में यूपी जदयू के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव साबित होगा। श्री निशांत के इस शानदार राजनीतिक आगाज का प्रभाव आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव २०२७ में देखने को मिलेगा।

प्रकाश पर्व की तैयारियों का विधायक और नगर आयुक्त ने लिया जायजा

(आज समाचार सेवा)

पटना। आगामी प्रकाश पर्व को लेकर पटना सिटी में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा, सुगम यातायात और बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रविवार को पटना साहिब के विधायक रत्नेश कुमार और नगर आयुक्त यशपाल मीणा ने विभिन्न स्थलों का संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान गुरु गोविंद सिंह पथ पर जाम और जलजमाव की समस्या के स्थायी समाधान के साथ विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान चौक शिकारपुर के पास जलजमाव की समस्या दूर करने के लिए छटंकी नाला की पाइपलाइन क्रॉसिंग कराने का निर्देश दिया गया। इसके लिए दानापुर रेल मंडल के डीआरएम को बुडको को आवश्यक अनापत्ति प्रमाणपत्र उपलब्ध कराने को कहा गया ताकि काम जल्द शुरू हो सके। वहीं मेहंदीगंज रेलवे गुमटी पर लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए रेलवे ओवरब्रिज निर्माण पर सहमति बनी। इसके बनने से स्थानीय लोगों और



श्रद्धालुओं को आवागमन में सुविधा मिलेगी। साथ ही क्षेत्र में यातायात का दबाव भी कम होगा। विधायक और नगर आयुक्त ने वार्ड संख्या 62 में रघुनाथ स्कूल के सामने विकसित किए जा रहे खेल परिसर का भी निरीक्षण किया। करीब 1.4 एकड़ जमीन पर 1.61 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक खेल परिसर बनाया जा रहा है। यहां बाउंड्री, गेट, पाइलिंग और शौचालय निर्माण का काम पूरा हो चुका है। परिसर में फ्लड लाइट, पेयजल और सुरक्षा की व्यवस्था भी होगी जिससे बच्चे और युवा शाम में भी खेल सकेंगे। परियोजना को मार्च 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

पटना नगर निगम के संपत्ति कर संग्रह में 43.6 फीसदी की रिकॉर्ड वृद्धि

पटना (आससे)। पटना नगर निगम के संपत्ति कर संग्रह में चालू वित्तीय वर्ष के दौरान उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में 1 अप्रैल से 31 अक्टूबर तक निगम को संपत्ति कर के रूप में 80.79 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि में यह आंकड़ा 56.28 करोड़ रुपये था। इस तरह संपत्ति कर संग्रह में 43.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और निगम को पिछले वर्ष की तुलना में 24.52 करोड़ रुपये अतिरिक्त राजस्व मिला है।

सात माह में मिले 80.79 करोड़

निगम के आंकड़ों के अनुसार पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि में 155260 होल्डिंग्स से संपत्ति कर प्राप्त हुआ था। वहीं चालू वित्तीय वर्ष में यह संख्या बढ़कर 174363 हो गई है। यानी 19 हजार से अधिक अतिरिक्त होल्डिंग्स से कर भुगतान प्राप्त हुआ। अक्टूबर महीने में 1398 नई संपत्तियों को भी कर के दायरे में लाया गया। इनमें पाटलिपुत्र अंचल में सर्वाधिक 389, अजीमाबाद में 279, कंकड़बाग में 266, नूतन राजधानी में 234, बांकीपुर में 134 और पटना सिटी में 96 संपत्तियों का कर निर्धारण किया गया। नगर निगम की ओर से संपत्ति कर भुगतान की सुविधा के लिए विशेष शिविर लगाए जाएंगे। 2 से 4 नवंबर तक वार्ड 46 में पार्षद कार्यालय कंकड़बाग और वार्ड 22 में राजापुल स्थित पार्षद कार्यालय में शिविर लगेगा। वहींए 5 से 7 नवंबर तक वार्ड 55 के कुशवाहा पंचायत बैठकाए चक पर और वार्ड 26 के दक्षिणी मंदिरी स्थित पार्षद कार्यालय में शिविर आयोजित होंगे। इन शिविरों में संपत्ति कर भुगतान, कर निर्धारण, पुनर्निर्धारण और पीआईडी से संबंधित सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। निगम के डोर टू डोर संपर्क अभियान और वार्ड स्तर पर शिविरों को राजस्व वृद्धि का प्रमुख कारण माना जा रहा है।

शिवजी कुंवर की पुण्यतिथि पर पौधारोपण एवं भंडारा

पटना। बांका जिला के कटोरिया (डुमरिया) काँवरिया पथ में स्थित छपरहिया धर्मशाला के संस्थापक शिव जी कुंवर उर्फ शिवजटा कुंवर जी की



छठी पुण्यतिथि के अवसर वृक्षारोपण, भंडारा एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में उनके पुत्र संजीव कुमार उर्फ मोनी एवं परिजन द्वारा छपरहिया धर्मशाला के प्रांगण में श्री कुंवर जी के आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके स्मृति में फलदार वृक्ष लगाया गया तथा उपस्थित लोगों ने उन्हें स्मरण कर उनकी कर्मठता, दयालुता एवं लोककल्याण के कार्यों की चर्चा की और कहा कि व्यक्ति दुनियाँ में आता है ,और चला जाता है! रह जाती है उनकी कृतियाँ। इंसान की कृति सकारात्मक हो पीढ़ी दर पीढ़ी उससे प्रेरणा लेती है। श्री कुँवर साहब ने अपने जीवन में जो समाज के लिए किया है ,वह आनेवाली पीढ़ियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। श्रद्धेय शिव जी कुंवर छपरा के मढौरा थाना के बरदहिया गाँव में जन्म लेकर वहाँ से इतने दूर आकर शिव भक्तों को सावन में हो रहे परेशानियों को दूर करने के लिए इतने बड़े धर्मशालाका निर्माण, भोजन सहित कई सुविधाओं को अपने परिश्रम से खड़ा किया। यह उनकी जीवटता, सनातन धर्म ,भगवान शिव में आशक्ति एवं पीड़ित मानवता के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाता है।

कार्यक्रम में मुख्यरूप से बी जे पी प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी, सनातन सेवक संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार, बंटी शर्मा ,रामसुंदर प्रसाद सिंह , कुमार पंकज, पशुपतिनाथ दुबे , जयंती कुमारी ,रूमा कुमारी , आकांक्षा कुमारी, आकर्ष रुद्र साईं व प्रियांशी उपस्थित रहे।

कृषि मंत्री ने बिहार विधान मंडल परिसर की नर्सरी को गोद लेने का लिया निर्णय

पटना (आससे)। प्रकृति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवैधानिक एवं नागरिक दायित्वों के निर्वहन की दिशा में एक अनुकरणीय पहल करते



हुए कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा बिहार विधान मंडल परिसर स्थित नर्सरी को गोद लेंगे। इसका उद्देश्य नर्सरी का संरक्षण एवं संवर्धन करते हुए हरित वातावरण के विकास को प्रोत्साहित करना तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन भागीदारी और जागरूकता को बढ़ावा देना है। श्री सिन्हा ने कहा कि वर्तमान में इस नर्सरी में आम की प्रसिद्ध 'दीघा मालदह' किस्म के पौधों का संवर्धन किया जा रहा है। अब इसके दायरे का विस्तार करते हुए यहां विभिन्न प्रजातियों के फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधों के साथ- साथ आकर्षक फूलों के पौधों का भी संवर्धन किया जाएगा।

भाजपा बिहार में जनादेश का अपमान कर रही : मनोज झा

पटना (आससे)। राजद के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद प्रो मनोज कुमार झा ने भाजपा पर जनादेश की डकैती करने का आरोप लगाया है। रविवार को राजद प्रदेश कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने नवनिर्वाचित विधान पार्षद वंशीधर ब्रजवासी और राहुल राज की सदस्यता समाप्त करने की मांग की।



मनोज झा ने दोनों के भाजपा में शामिल होने से संबंधित वीडियो और तस्वीरें दिखाते हुए कहा कि दोनों निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में निर्वाचित हुए थे। चुनाव के बाद भाजपा में शामिल होना संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत दल बदल कानून का उल्लंघन है।

उन्होंने विधान परिषद के कार्यकारी सभापति डॉ रामवचन राय से दोनों को अयोग्य घोषित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि भाजपा बिहार में वोट चोरी ही नहीं बल्कि जनादेश की डकैती कर रही है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरीए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा अपनी राजनीतिक ताकत बढ़ाने के साथ जदयू को कमजोर करने की कोशिश कर रही है।

मनोज झा ने चेतावनी दी कि राजद इस मामले को कार्यकारी सभापति, चुनाव आयोग और न्यायालय तक ले जाएगा। जरूरत पड़ने पर जनता की अदालत में भी लड़ाई लड़ी जाएगी। इससे पहले तेजस्वी प्रसाद यादव ने भी एक्स पर पोस्ट कर दोनों विधान पार्षदों के खिलाफ दल बदल कानून के तहत कार्रवाई की मांग की थी।

इंडिया गठबंधन की महारैली सुपर फ्लॉप रही : संजीव मिश्र

पटना (आससे)। बिहार भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता और एडवोकेट्स एसोसिएशन, पटना हाई कोर्ट के जॉइंट सेक्रेटरी संजीव कुमार मिश्र उर्फ



गीता वाले बाबा ने इंडिया गठबंधन द्वारा दिल्ली के रामलीला मैदान में एसआईआर एवं वोट चोरी को लेकर आयोजित महारैली को सुपर फ्लॉप बताया है। बीजेपी प्रवक्ता संजीव कुमार मिश्र ने कहा कि रैली में काँग्रेस के 10 लाख लोगों के जुटने की हवा निकल गई। काँग्रेस समेत उनके सहयोगियों के दावों का फलुदा निकल गया। श्री मिश्र ने आरोप लगाया की लोकतंत्र के नाम पर देश में इंडी गठबंधन द्वारा अराजकता फैलाने और फसाद कायम करने के मंसूबे पर पानी फिर गया।

हार का ठीकरा कभी ईवीएम तो कभी एसआईआर पर फोड़ना विपक्ष की पुरानी आदत : चिराग

पटना (आससे)। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने रामलीला मैदान में आयोजित विपक्ष की रैली को लेकर निशाना साधा है। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि



चुनाव में हार मिलने पर विपक्ष कभी ईवीएम तो कभी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर सवाल उठाता है और जनता के बीच भ्रम फैलाने की कोशिश करता है। चिराग पासवान ने कहा कि हाल ही में विधान परिषद के चुनाव मतपत्रों से हुए, लेकिन उनमें कांग्रेस का प्रदर्शन कैसा रहा? उन्होंने सवाल किया कि जब चुनाव मतपत्रों से हुए तो ईवीएम को दोष देने का बहाना कहां रह गया। उन्होंने कहा कि बिहार, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में कांग्रेस का जनाधार लगातार कमजोर हुआ है। विपक्ष को अपनी राजनीतिक स्थिति की समीक्षा नेतृत्व और नीतियों के आधार पर करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव परिणामों और जनता के जनादेश का सम्मान करना सभी दलों की जिम्मेदारी है।